वार्षिक रिपोर्ट
2019 – 2020

राष्ट्रीय महिला आयोग

प्लॉट नं. 21, जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया–110025, नई दिल्ली

http:\\www.ncw.nic.in

अनुक्रमणिका

अध्याय	विषय सूची	पृष्ठ
	प्राक्कथन	1–3
अध्याय–1	प्रस्तावना	5–8
अध्याय–2	शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ	9–17
अध्याय–3	अनिवासी भारतीय विवाह से संबंधित मुद्दे	18–22
अध्याय–4	स्वप्रेरणा से घटनाओं/मामलों का संज्ञान	23–25
अध्याय–5	नीति, निगरानी और अनुसंधान	26–28
अध्याय–6	महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ	29–30
अध्याय–7	पूर्वोत्तर क्षेत्र में की गई पहल	31–32
अध्याय–8	महिला कल्याण एवं क्षमता निर्माण प्रकोष्ठ	33–41
अध्याय–9	कानूनी समीक्षा एवं विधिक जागरूकता	42–51
अध्याय–10	जेल, अभिरक्षा गृह और मनोरोग संस्थाओं का निरीक्षण	52–57
अध्याय–11	सूचना का अधिकार	58–59
अध्याय–12	लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों पर कार्यवाही करने की प्रक्रिया	60
अध्याय–13	मीडिया और पहुंच कार्यक्रम	61
अध्याय–14	सूचना संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग	62
अध्याय–15	हिंदी का प्रगामी प्रयोग	63
अध्याय–16	वार्षिक लेखा 2019–20	65–110
अध्याय–17	लेखापरीक्षा रिपोर्ट	111–114
अध्याय–18	लेखापरीक्षा रिपोर्ट और उस पर की गई कार्रवाई	115–120
उपाबंध		121
उपाबंध–I	आयोग की संरचना	122
उपाबंध–II	आयोग का संगठनात्मक चार्ट	123
उपाबंध–III	वर्ष 2019–20 के दौरान आयोग द्वारा विचार किए गए मुख्य निर्णय/मामले	124–129
उपाबंध–IV	वर्ष 2019–20 के दौरान वित्त पोषित सेमिनारों / सम्मेलनों / कार्यशालाओं के ब्यौरे	130–138
उपाबंध–V	वर्ष 2019–20 के दौरान वित्त पोषित अनुसंधान अध्ययन का विवरण	139–140
	झलकियां	141–154

रेखा शर्मा
अध्यक्षा

फोन : 011–26944808
फैक्स : 011–26944771

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
राष्ट्रीय महिला आयोग
प्लाट नं. 21, जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया
एफ.सी.–33, नई दिल्ली–110 025
GOVERNMENT OF INDIA
NATIONAL COMMISSION FOR WOMEN
PLOT NO. 21, FC-33, JASOLA
INSTITUTIONAL AREA, NEW DELHI-110 025
वेबसाइट/Website : www.ncw.nic.in
ई–मेल/E-mail : chairperson-ncw@nic.in
sharma.rekha@gov.in

प्राक्कथन

मुझे राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 13 में यथा परिकल्पित राष्ट्रीय महिला आयोग की वर्ष 2019–20 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, आयोग ने पूर्व वर्ष के क्रियाकलापों को आगे बढ़ाया और महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में लिंग मुद्दों, महिलाओं से संबंधित कानूनों में संशोधन का सुझाव देने, मनोरोग गृह में महिला रोगियों की स्थिति पर जानकारी प्राप्त करने के लिए एक व्यापक प्रोफार्मा तैयार करने, महिलाओं के विधिक अधिकारों के बारे में जागरुकता बढ़ाने, महिलाओं से संबंधित विधियों के संबंध में महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों के लिए प्रतियोगिता आयोजित करने, महिला शिकायतकर्ताओं की परिवेदनाओं का निवारण करने और व्यथित महिलाओं की सहायता करने के उद्देश्य से महिलाओं के विरूद्ध हुए अत्याचार की घटनाओं का स्व प्रेरणा से संज्ञान लेने से संबंधित मुद्दों को उठाया और इनके लिए निरंतर रूप से कार्य किया। आयोग ने राज्य महिला आयोगों और अन्य हितधारकों के सहयोग से चुड़ैल प्रथा जैसी सामाजिक बुराई सहित महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सेमिनार और परामर्श आयोजित किए।

आयोग और राज्य महिला आयोगों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी के सहयोग से राष्ट्रीय महिला आयोग ने राज्य महिला आयोगों के कार्मिकों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया।

आयोग के अधिदेश के अनुसार, आयोग ने ''महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013'' और महिलाओं की संपत्ति के अधिकारों, माताओं का संरक्षकता अधिकार, महिला श्रम बल भागीदारी दर और आपदा में महिलाएं और बच्चेः एक नीति की आवश्यकता, से संबंधित कानूनों की समीक्षा की।

आयोग को पीड़ित महिलाओं से बड़ी संख्या में शिकायतें मिलती हैं। शिकायतें उनके घर, कार्यस्थल और अन्य स्थानों पर दिन–प्रतिदिन के जीवन में उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में होती हैं। जिसके

परिणामस्वरूप उन्हें गरिमापूर्ण जीवन नहीं मिलता है। आयोग ने शिकायतों के पंजीकरण, उनके प्रसंस्करण और संकल्प के लिए एक पूरी तरह कार्यात्मक ऑनलाइन प्रणाली विकसित की है। आयोग राज्य में संबंधित अधिकारियों के साथ और सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में नियोक्ताओं के साथ भी लगातार शिकायतों को हल कर रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों और पुलिस प्राधिकारियों के सहयोग से रिपोर्ट वर्ष के दौरान, ''महिला जन सुनवाई'' के माध्यम से कई शिकायतों को निपटाया गया। आयोग अपने सक्रिय प्रयासों से बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतों को दूर करने में सक्षम हुआ है। महिलाओं के साथ भेदभाव और अत्याचार के विशिष्ट मामलों की जांच के लिए आयोग द्वारा क्षेत्र का दौरा और पूछताछ भी की गई।

आयोग ने महिलाओं के अधिकारों से वंचित करने और उनके खिलाफ जघन्य अपराधों को शामिल करने के लिए बड़ी संख्या में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग के प्रयासों से त्वरित जांच हुई और ऐसे अपराधों के दोषियों पर मुकदमा भी चला। आयोग ने विदेश मंत्रालय, विदेश में भारतीय मिशनों और राज्य पुलिस प्राधिकारियों आदि के साथ समन्वय में अनिवासी भारतीय विवाह से संबंधित मामलों को हल करने के लिए सहायता प्रदान करना भी जारी रखा है।

आयोग ने विभिन्न महिला विकास योजनाओं के कार्यान्वयन का जायजा लेने के उद्देश्य से देश भर में ''आकांक्षापूर्ण जिलों'' का दौरा किया और स्वाधार गृहों के कामकाज की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक व्यापक प्रोफार्मा तैयार किया।

वर्ष के दौरान, राज्य पुलिस विभागों के सहयोग से आयोग ने पुलिस अधिकारियों के लिए लैंगिक संवेदीकरण कार्यक्रम चलाए। अक्सर पीड़ित महिलाएं और उनकी भूमिका के लिए सबसे पहले पुलिस से संपर्क करती है और उसके बाद महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए जवाब देने में पुलिस महत्वपूर्ण होती है। फ्रंट–लाइन पदाधिकारी होने के नाते, पुलिस से एक जोरदार और संवेदनशील तरीके से जवाब देने की उम्मीद की जाती है। लिंग संवेदीकरण कार्यशाला का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को लैंगिक हिंसा के मामलों में पुलिस की भूमिका से संबंधित मुद्दों के बारे में संवेदनशील बनाना है।

जागरूकता पैदा करने के अपने प्रयास में आयोग ने, केंद्रीय विद्यालय संगठन के सहयोग से एक व्यापक लिंग संवेदीकरण और विधिक जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा XI और XII के छात्रों को लैंगिक समानता और न्याय प्राप्त करने की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। पायलट प्रोजेक्ट दिल्ली क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों की प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से आयोजित किया गया था।

महिलाओं की सुरक्षा के उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए आयोग ने 1 मार्च, 2020 को इंडिया गेट से जनपथ तक 'पॉवरवॉक' का आयोजन किया। इस वॉक में सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं ने प्लेकार्ड के साथ भाग लिया। वॉक का उद्देश्य, महिला सुरक्षा, अपराधों, हिंसा और सड़कों पर होने वाले हमले और महिलाओं के रोजमर्रा के जीवन के मुद्दों पर जागरूकता पैदा करना है। देश में अलग–अलग 15 स्थानों पर पावर वॉक का आयोजन किया गया।

वर्ष 2019–20 के दौरान, आयोग ने महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर कई शोध अध्ययन और संगोष्ठियों को भी प्रायोजित किया।

आयोग ने निरीक्षण के लिए विकसित प्रोफार्मा का उपयोग करके देश की जेलों के निरीक्षण में अपना प्रयास जारी रखा। आयोग ने निरीक्षण के आधार पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की, जेलों में महिला कैदियों के लिए प्रभावी कानूनी सहायता सहित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की।

मैं सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विभिन्न राज्य सरकारों और राज्य महिला आयोगों एवं राष्ट्रीय महिला आयोग में अपने सहयोगियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आयोग को दी गई सहायता के लिए अपना आभार व्यक्त करना चाहूंगी; जिन्होंने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है जिससे वर्ष के दौरान हमारे लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करना संभव हो सका।

(रेखा शर्मा)

अध्याय–1

प्रस्तावना

1.1 भारत का संविधान अपनी शक्तियों का एहसास करने के लिए देश के सभी नागरिकों को समर्थ बनाना चाहता है। यह सभी गतिविधियों में पूर्ण रूप से भाग लेने के लिए प्रत्येक नागरिक के लिए अनुकूल एक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक वातावरण के निर्माण की दृष्टि देता है। दूसरी चीजों के साथ लिंगों में भेद के बावजूद लिंगों की समानता और समान अवसर देने के लिए गारंटी देता है।

1.2 राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के अनुसरण में, महिलाओं के अधिकारों और हितों की रक्षा और बढ़ावा देने के लिए एक वैधानिक निकाय के रूप में 31 जनवरी, 1992 को राष्ट्रीय महिला आयोग (रा.म.आ.) का गठन किया गया था। आयोग को संविधान और अन्य कानूनों के तहत महिलाओं को प्रदान किए गए कानूनी सुरक्षा उपायों की जांच करने का अधिकार दिया गया है और यह सरकार को सुझाव देता है कि उनको प्रभावी ढंग से कैसे कार्यान्वित किया जाए।

1.3 आयोग को संविधान में दिए गए वर्तमान प्रावधानों और महिलाओं को प्रभावित करने वाले अन्य कानूनों की समीक्षा करने का अधिकार है और ऐसे कानूनों में किसी भी कमी, अपर्याप्तता या कमियों को पूरा करने के लिए संशोधनों की सिफारिश करने और शिकायतों पर गौर करने और महिलाओं के अधिकारों से वंचित करने आदि से संबंधित मामलों पर स्वतः संज्ञान लेने और उचित अधिकारियों के साथ मुद्दों को उठाने का अधिकार है। महिलाओं के प्रासंगिक मुद्दों पर अनुसंधान अध्ययन करना, पुलिस अधिकारियों के लिए लिंग जागरूकता, महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए योजना बनाने की प्रक्रिया में भाग लेना और सलाह देना, सामाजिक–आर्थिक प्रगति का मूल्यांकन करना, जेल, रिमांड होम आदि, जहां महिलाओं को रखा जाता है, उसका निरीक्षण करना और जहां जरूरत हो वहां हिरासत और उपचारात्मक कार्रवाई करना। आयोग को, महिलाओं के सरोकारों को हल करने और गतिविधियों की रूपरेखा बनाने, कार्यान्वित करने और निगरानी करने, कानूनों के कार्यान्वयन, नीतियों और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कार्यक्रमों में मदद करने का दायित्व सौंपा गया है।

1.4 किसी देश के विकास के लिए आर्थिक गतिविधियों में सभी, महिलाओं और पुरुषों को समान रूप से हिस्सेदारी की जरूरत होती है। इस वास्तविकता को महसूस करते हुए कि देश तब तक प्रगति नहीं कर सकता जब तक असमानता बनी रहती है, राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 (1990 का 20) संसद द्वारा पारित किया गया था। अधिनियम 31.01.1992 को लागू हुआ और, आयोग के अनुसार, स्थापित किया गया था। उपर्युक्त अधिनियम की धारा 10 आयोग के कार्यों को सूचीबद्ध करती है। संक्षेप में, आयोग इसके लिए जिम्मेदार हैः

i. महिलाओं के लिए दिए संवैधानिक और कानूनी सुरक्षा उपायों से संबंधित सभी मामलों का अध्ययन और निगरानी;

ii. मौजूदा विधानों की समीक्षा करना और जहाँ आवश्यक हो, संशोधन का सुझाव देना;

iii. शिकायतों को देखते हुए और असहाय महिलाओं को सहायता, कानूनी या अन्यथा प्रदान करने के लिए महिलाओं के अधिकारों को छीनने वाले मामलों का स्वतः संज्ञान लेना;

iv. जीवन के सभी क्षेत्रों में समानता हासिल करने और राष्ट्र के विकास में समान भागीदारी के लिए महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए सभी कानूनों के उचित कार्यान्वयन की निगरानी; तथा

v. महिलाओं के सामाजिक–आर्थिक विकास की योजना बनाने में प्रचार और शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा देना और इसमें भाग लेना और सलाह देना।

1.5 आयोग में एक अध्यक्ष, पांच सदस्य और एक सदस्य सचिव के पद शामिल हैं। आयोग की संरचना **अनुबंध–I** में दी गई है। अध्यक्ष और आयोग के सदस्यों का अधिकतम कार्यकाल तीन वर्ष है। आयोग की सहायता के लिए एक सचिवालय है। इसके अलावा, समन्वय, आरटीआई से संबंधित मुद्दों, आईटी, आधिकारिक भाषाओं, जनसंपर्क आदि प्रशासनिक मामलों से संबंधित कार्य के लिए अनुभाग/इकाइयाँ आयोग को रोजमर्रा के कार्यों के निर्वहन में सहायता प्रदान करने के लिए आयोग में स्थापित की गई हैं। जो निम्नवत हैं:–

i. शिकायत एवं जांच

ii. अनिवासी भारतीय

iii. नीति, निगरानी और अनुसंधान

iv. क्षमता निर्माण

v. महिला सुरक्षा

vi. स्वतः संज्ञान

vii. पूर्वोत्तर

viii. मनोरोग गृह/संरक्षण सुधार गृह

ix. विधिक प्रकोष्ठ

x. सूचना का अधिकार

1.6 वर्तमान में, प्रकोष्ठों में ज्यादातर पेशेवर संविदात्मक और आउटसोर्स आधार पर लिए गए पेशेवरों को रखा गया है, जिनमें कुछ अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किया गया है। आयोग का संगठनात्मक चार्ट **उपाबंध–II** में रखा गया है।

1.7 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आयोग ने कुछ मामलों को विचाराधीन रखा था। आयोग द्वारा की गई बैठकों और प्रमुख निर्णयों का विवरण **उपाबंध–III** में दिया गया है।

1.8 राष्ट्रीय महिला आयोग ने 31 जनवरी, 2020 को आयोग के मुख्यालय, जसोला इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली में अपनी स्थापना के 27 वर्ष पूरे होने पर जश्न मनाया। इस अवसर को संयुक्त राष्ट्र महिला भारत के

सहयोग से "पीढ़ीगत समानता की ओर बढ़ना: महिलाओं के अधिकारों को एक समान भविष्य के लिए साकार करना" विषय पर एक राष्ट्रीय परामर्श का आयोजन करके मनाया गया। यह परामर्श बीजिंग प्लेटफ़ॉर्म फॉर एक्शन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में/25 वर्ष के लिए मनाया गया और घोषणा (बीपीएफए), लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए विश्व में एक साझा दृष्टिकोण और जनादेश है। राष्ट्रीय परामर्श भारत में लैंगिक समानता की कार्यसूची को प्राप्त करने में तेजी लाने और लिंग समानता लाने के लिए कार्रवाई का मार्ग बनाने की कोशिश थी। नीतिगत रूपरेखा की सामूहिक समीक्षा के माध्यम से, लिंग विशिष्ट बाधाओं को दूर करके और महिलाओं को उनके अधिकारों का एहसास कराने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को 2030 तक सक्षम बनाने के लिए यह एक प्रयास था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की माननीय राज्यपाल श्रीमती अनुसुइया उइके, मंत्रालयों के अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ प्रतिनिधि, कई सरकार के प्रतिनिधि विभाग, महिला समूह, नारी सामूहिक, नागरिक समाज संगठन, शिक्षाविद् और मीडियाकर्मी मौजूद थे।

1.9 दिनांक 30 अक्तूबर, 2019 को, आयोग ने विधिक जागरूकता और लिंग जागरूकता में युवाओं को शिक्षित करने के उद्देश्य से दिल्ली क्षेत्र में 60 केन्द्रीय विद्यालयों में एक पायलट परियोजना शुरू की थी। यह कार्यक्रम कक्षा XI और XII के छात्रों के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन (दिल्ली क्षेत्र) के सहयोग से एकाधिक विकल्प प्रश्नों के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षा आयोजित करने के लिए लक्षित समूहों के रूप में किया गया था। कार्यक्रम के अनुसार, आयोग ने 'महिलाओं से संबंधित प्रमुख कानून' के साथ–साथ विशेषज्ञ समिति की मदद से 'लिंग जागरूकता' पर सामग्री सहित एक पुस्तिका तैयार की। छात्रों को पुस्तिकाएं पढ़ने और डाउनलोड करने के लिए बुकलेट आयोग की वेबसाइट पर दी गई थी। प्रतियोगिता के लिए बहुविकल्पीय प्रश्न पत्र इन पुस्तिकाओं पर आधारित थे। सहायक आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, दिल्ली क्षेत्र द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, क्रमशः XI और XII कक्षा के कुल 7345 और 5733 छात्र प्रतियोगी परीक्षा के लिए उपस्थित हुए।

1.10 पायलट परियोजना के सफल आरंभ की याद में आयोग द्वारा 18 नवंबर, 2019 को एक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था। यह पुरस्कार शीर्ष तीन प्रदर्शन करने वाले स्कूलों और प्रधानाचार्यों के साथ–साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को दिया गया। यह पुरस्कार मुख्य अतिथि, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की माननीय मंत्री श्रीमती स्मृति जूबिन इरानी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर आयोग की सम्मानित अध्यक्षा, सदस्यों, उच्च अधिकारियों और केंद्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों की उपस्थिति की सराहना की गई।

1.11 आयोग ने भारत में घरेलू कामगारों की गरिमा के साथ जीने के अधिकार में बाधा डालने वाले मुद्दों और चुनौतियों को समझने के कारणों पर विचार–विमर्श करने के लिए दिनांक 18 अक्तूबर, 2019 को "भारत में घरेलू कामगारों द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों और चुनौतियों" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया था। घरेलू कामगारों की नियोजन एजेंसियों के नियमन और निगरानी के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना, कल्याणकारी और घरेलू कामगारों की बेहतरी के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा और विश्लेषण करना इसका उद्देश्य था। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत प्रयोज्यता और कार्यान्वयन के तहत महिलाओं की सुरक्षा और इन घरेलू कामगारों के अधिकारों के संरक्षण के लिए चर्चा की गई।

1.12 राष्ट्रीय महिला आयोग प्रभावी तालमेल को बढ़ाने और क्षमता निर्माण प्रशिक्षण सहित महिलाओं के मुद्दों को हल करने और शिकायतें दूर करने एवं विभिन्न स्तर के परामर्शों के आयोजन के लिए राज्य महिला आयोगों (एसडब्ल्यूसी) के साथ मिलकर काम करता है। वर्ष 2019–2020 के दौरानए आयोग ने उत्तराखंड के मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के सहयोग से राज्य महिला आयोगों के पदाधिकारियों के लिए दो क्षमता निर्माण कार्यशालाओं का आयोजन किया था।

1.13 देश भर में लैंगिक भेदभाव से लड़ने के लिए और दहेज प्रथा की कुरीति के खिलाफ आवाज उठाने और विवाह संस्था की पवित्रता को बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा दिनांक 03 मार्च, 2019 को दहेज विरोधी अभियान और शपथ ग्रहण शुरू की गई थी। शपथ MyGov वेबसाइट पर उपलब्ध है। वेबसाइट और आम जनता के अनुमोदन के लिए आयोग की वेबसाइट और ऑनलाइन शपथ ली जा सकती है।

1.14 आयोग ने फरवरी और मार्च 2020 के महीने में राज्यों से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के सहयोग से झारखंड और असम राज्यों में "चुड़ैल प्रथा की रोकथाम और उन्मूलन'' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया था। इस संगोष्ठी में सामाजिक अभिशाप से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत में डायन के शिकार और स्थानीय लोगों के बीच डायन–शिकार प्रथाओं की रोकथाम के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। सेमिनार में डायन–शिकार के खिलाफ मौजूदा कानूनी ढांचे की प्रयोज्यता और कार्यान्वयन पर चर्चा की गई, पीड़ितों की चिकित्सा हस्तक्षेप तक पहुंच का विश्लेषण किया गया, और आगे उनके समुदायों में पीड़ितों के पुनर्वास के लिए उपाय करने की तैयारी पर चर्चा की गई।

1.15 आयोग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय महत्व के एक अन्य भव्य आयोजन में "पावर वॉक" अभियान था, जो 1 मार्च, 2020 को भारत के 15 राज्यों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया जो कि राज्य महिला आयोगों के समर्थन से अखिल भारतीय स्तर पर वास्तव में सफल आयोजन बना। यह आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पुदुचेरी के प्रमुख शहरों में आयोजित किया गया। पॉवर वॉक का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा को सुधारना और रात में सड़कों और सार्वजनिक स्थानों तक बिना किसी नुकसान के जाने के उनके अधिकार को पहचानना था। नई दिल्ली में, आयोग ने इंडिया गेट से जनपथ तक रात 8 बजे से 9 बजे तक पावर वॉक मार्ग का संचालन किया और अभियान का समर्थन करने वाले 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर सहयोग किया।

1.16 आयोग ने 11 मार्च, 2020 को सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ''प्रभावी तरीके से महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे उद्यम'' विषय पर एक परामर्श आयोजित किया ताकि वे समूहों में जाने के लिए एक रास्ता तैयार कर सकें। महिलाओं के नेतृत्व में एमएसएमई; और अपने उद्यमों के प्रबंधन में अपने कौशल में सुधार करने के उद्देश्य से और अपने उद्यमों की समग्र उत्पादकता में सुधार करने में उनकी मदद करने के लिए आयोजन किए गए।

1.17 अपने जनादेश को बढ़ाने हेतु, आयोग द्वारा वर्ष 2019–2020 के दौरान कुल मिलाकर बहुत सी गतिविधियों का आयोजन किया गया है।

अध्याय–2

शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ

2.1 महिलाओं और उनके अधिकारों के रक्षा के लिए अधिनियमित कानूनी अधिकारों से वंचित करने और उनको लागू न करने से संबंधित दर्द और शिकायतों का निवारण करना आयोग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण क्रियाकलापों में से एक है। व्यक्ति विशेष की चिन्ता को दूर करके जमीनी स्तर पर, संवैधानिक और महिलाओं के कानूनी अधिकारों की वास्तविक पहुंच सुनिश्चित करने में बहुत योगदान मिलता है। कानून, अधिकार, हकदारी, योजनाएं, कार्यक्रम, परियोजनाएं तब ही अच्छी है, जब इनको अच्छी तरह से लागू किया जाता है। इन सबका परिणाम एक तरफ शिकायतों की संख्या में कमी होना है और दूसरी तरफ कम हुई शिकायतों का शीघ्र निवारण होना चाहिए।

2.2 शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ पूरे देश से महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने/कानूनों को लागू न करने आदि से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करता है। यह प्रकोष्ठ शिकायतों को लिखित या ऑनलाइन, www.ncw.nic.in के माध्यम से प्राप्त करता है। कुछ शिकायतें मौखिक रूप से भी की जाती हैं। आयोग संबंधित क्षेत्रों में पेशेवरों और विशेषज्ञों की सेवाओं को लेता है जैसे कि मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक, कानूनी परामर्शदाता आदि। वर्ष 2019–20 के दौरान, आयोग ने अतिरिक्त स्टाफ को लगाकर प्रकोष्ठ को और मजबूत किया है।

2.3 आयोग, शिकायतों को संभालने/संसाधित करने के दौरान, राज्य पुलिस अधिकारियों, राज्य महिला आयोगों, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणों, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों आदि के साथ अपने सहयोग का लाभ उठाता है, जहाँ आवश्यक हो, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग और बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय आयोग आदि और अन्य आयोगों के साथ गतिविधियों का समन्वय होता है।

2.4 आयोग शिकायतों पर कार्रवाई करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करने के क्षेत्र में अग्रणीय रहा है। आयोग की वेबसाइट www.ncw.nic.in के माध्यम से आयोग ने शिकायतों के शीघ्र और सरल पंजीकरण के लिए वर्ष 2005 में ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण प्रणाली की शुरूआत की। इस सॉफ्टवेयर में निरन्तर सुधार किया जा रहा है जिससे कि वह बदलती हुई जरूरतों को पूरा कर सके और उपयोक्ता के अनुकुल हो। इस प्रणाली के परिणामस्वरूप शिकायतों के पंजीकरण और पावती जारी करने में तेजी आई है। जिस भी व्यक्ति को कोई शिकायत है वह कहीं से भी उक्त साइट पर लॉगइन करके अपनी शिकायत पंजीकृत कर सकता/सकती है। उक्त शिकायत को पंजीकरण संख्या दी जाती है। उसके बाद उस शिकायत का निपटान भी डाक द्वारा/दस्ती प्राप्त होने वाली शिकायतों आदि की तरह ही किया जाता है। इस प्रणाली से शिकायत के पंजीकरण के समय उन्हें दी गई विशिष्ट प्रयोक्ता आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग करके शिकायतकर्ता अपने मामले की प्रगति की जानकारी ले सकता है।

2.5 आयोग ने विभिन्न प्रकार की शिकायतों पर पर्याप्त ध्यान सुनिश्चित करने की दृष्टि से, इसमें शामिल गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एक वैज्ञानिक प्रोटोकॉल तैयार किया है। इसके भाग के रूप में, इसने 'गैर–जनादेश'

और 'जनादेश' श्रेणियों में शिकायतों को वर्गीकृत किया है। आयोग के अनुभव के आधार पर, आयोग द्वारा प्राप्त शिकायतें मोटे तौर पर निम्नलिखित श्रेणियों में आती हैं:–

i. पुलिस की उदासीनता/निष्क्रियता संबंधी शिकायतों को संबंधित प्राधिकारियों को मामले की समय पर और उचित जांच सुनिश्चित करने के लिए प्रेषित किया जाता है। उनसे शिकायत के संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (ए.टी.आर.) मंगायी जाती है और उसकी जांच की जाती है। आयोग वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के साथ मामले के संबंध में फोन पर या लिखित रूप में संपर्क बनाए रखता है और व्यक्तिगत शिकायतों की प्रगति को तब तक देखरेख करता है, जब तक उनका तर्कपूर्ण निष्कर्ष नहीं निकलता है;

ii. पारिवारिक/वैवाहिक विवादों को, जहां संभव हो, परामर्श के माध्यम से हल किया जाता है। आयोग विवाद का समाधान करने के लिए पक्षकारों के साथ कम से कम एक बार उन्हें परामर्श देने का प्रयास करता है। बाहर के दम्पतियों/परिवारों के मामले में स्थानीय प्राधिकारियों/राज्य महिला आयोगों/एस.एल.एस.ए./डी.एल.एस.ए./संरक्षण अधिकारियों से सहायता भी ली जाती है। शीघ्रतापूर्वक मामलों का समाधान करने की दृष्टि से किसी राज्य से संबंधित मामलों को जन सुनवाई के दौरान भी उठाया जाता है वहां ज्येष्ठ पुलिस अधिकारी, जिनमें महानिदेशक/पुलिस आयुक्त, अन्य अधिकारी, जांच अधिकारी शामिल हैं, मौजूद रहते हैं।

iii. गंभीर अपराधों के मामले में आयोग जांच समिति गठित करता है। ऐसी समिति घटनास्थल पर जाकर जांच करती है, विभिन्न साक्ष्यों की जांच करती है, साक्ष्य एकत्रित करती है और आयोग को अपनी सिफारिशों के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। ऐसी जांच से हिंसा और अत्याचार से पीड़ित महिलाओं को तुरन्त राहत और न्याय दिलाने में सहायता मिलती है। आयोग जांच समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन की देखरेख करता है और न्यायालय में आरोपपत्र फाइल होने तक राज्य सरकारों/प्राधिकारियों के साथ ऐसे मामलों में अनुकरण करता रहता है या जहां शिकायत किए गए आरोप जांच के पश्चात् साबित नहीं होते हैं वहां मामले को बंद कर दिया जाता है।

iv. कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की बाबत आयोग संबंधित संगठन/विभाग/प्राधिकरण को ऐसी शिकायतों की जांच करने के लिए महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार आन्तरिक समिति गठित करने की सलाह देता है। ऐसे सभी संगठनों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे आंतरिक समिति की रिपोर्ट की प्रति आयोग को उसके अवलोकन के लिए प्रस्तुत करें। आयोग मीडिया/कार्यशालाओं/सेमिनारों के माध्यम से अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सक्रिय कदम भी उठाता है।

v. ऐसी शिकायतों को जो प्रत्यक्ष रूप से महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित करने से संबंधित नहीं हैं उन्हें राज्य महिला आयोगों, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित

जनजाति आयोग तथा उससे संबंधित राज्य आयोगों को समुचित कार्रवाई के लिए आयोग प्रेषित करता है। अन्य मामलों में शिकायतों को संबंधित प्राधिकारियों को कार्रवाई के लिए, यथोचित, प्रेषित किया जाता है।

2.6 ऐसे मामलों में जहां आयोग को अधिकारों के उल्लंघन का पता लगाता है, मामलों को संबंधित अधिकारियों को कानून के अनुसार कार्रवाई के लिए भेजा जाता है। हालाँकि, निम्नलिखित प्रकृति की शिकायतों/मामलों पर आम तौर पर विचार नहीं किया जाता है।

i. अपठनीय या अस्पष्ट, बेनामी या छदम नाम वाली शिकायतें;

ii. जब उठाया गया मुद्दा पक्षकारों के बीच संविदात्मक अधिकारों, बाध्यताओं आदि जैसे सिविल विवादों से संबंधित हो;

iii. जब उठाए गए मामले विवाद्यक महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित किए जाने से संबंधित न होकर सेवा संबंधी मामलों से जुड़े हों;

iv. जब उठाया गया मुद्दा महिलाओं को अधिकारों से वंचित किए जाने से संबंधित न होकर श्रम संबंधी/औद्योगिक मुद्दे से जुड़ा हो;

v. जब मामला न्यायाधीन हो;

vi. ऐसे मामले जो किसी राज्य आयोग या किसी कानून के अधीन सम्यक् रूप से गठित किसी अन्य आयोग के समक्ष लंबित हो;

vii. जब आयोग ने मामले में निर्णय पहले ही कर दिया हो;

viii. जब मामला किसी अन्य आधार पर आयोग के कार्यक्षेत्र से बाहर हो;

ix. संपत्ति विवाद से संबंधित मुद्दे।

2.7 शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ में जनादेश के अनुसार पंजीकृत अनिवार्य शिकायतें निम्नलिखित 23 श्रेणियों में दर्ज की गई हैं:

i. बलात्कार/बलात्कार का प्रयास

ii. एसिड हमला

iii. लैंगिक हमला

iv. लैंगिक उत्पीड़न

v. पीछा करना/बुरी नजर से देखना

vi. महिलाओं का दुर्व्यापार/वेश्यावृत्ति

vii. महिलाओं की लज्जा भंग करना/उत्पीडित करना

viii. महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराध

ix. महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता

x. विवाहित महिलाओं का उत्पीड़न/दहेज उत्पीड़न

xi. दहेज मृत्यु

xii. द्विविवाह/बहुविवाह

xiii. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण

xiv. महिलाओं का बालकों का संरक्षण/विवाह–विच्छेद का अधिकार

xv. विवाह/प्रतिष्ठा अपराधों में चयन का प्रयोग करने का अधिकार

xvi. गरिमा के साथ जीने का अधिकार

xvii. महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न

xviii. महिलाओं को मातृत्व लाभ देने से इन्कार करना

xix. लिंग भेदभाव, जिसमें शिक्षा एवं कार्य का समान अधिकार शामिल है।

xx. स्त्री का अश्लील रूपण चित्रण

xxi. लिंग चयनित गर्भपात; मादा भ्रूण हत्या/गर्भवती महिला के गर्भाशय की जांच

xxii. महिला अधिकारों के प्रति अपमानजनक परंपरागत प्रथाएं अर्थात् सती प्रथा, देवदासी प्रथा और चुड़ैल हत्या करना

xxiii. महिलाओं के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता

2.8 वर्ष 2019–2020 के दौरान, आयोग की शिकायत एवं जांच प्रकोष्ठ ने 20,309 शिकायतें/मामले दर्ज किए हैं। वर्ष 2019–2020 के दौरान आयोग द्वारा दर्ज की गई शिकायतों का प्रकृति–वार और राज्यवार विवरण निम्नानुसार हैः

वर्ष 2019–2020 के दौरान प्राप्त शिकायतों की प्रकृति–वार सूची

क्रम सं.	प्रकृति	कुल
1	एसिड अटैक	15
2	द्विविवाह/बहुविवाह	134
3	महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराध	458
4	महिलाओं को मातृत्व लाभ से वंचित करना	142

क्रम सं.	प्रकृति	कुल
5	दहेज हत्या	388
6	महिलाओं के लिए मुफ्त कानूनी सहायता	131
7	शिक्षा और काम के समान अधिकार सहित लिंग भेदभाव	37
8	विवाहित महिलाओं का उत्पीड़न/दहेज उत्पीड़न	3963
9	महिलाओं का अश्लील चित्रण	93
10	महिलाओं की इज्जत का हनन/छेड़छाड़	1449
11	महिलाओं के खिलाफ पुलिस उदासीनता	1968
12	महिलाओं की निजता और अधिकार	0
13	घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाओं की सुरक्षा	3369
14	बलात्कार/बलात्कार का प्रयास	1474
15	विवाह में चयन का अधिकार	0
16	शादी/सम्मान अपराधों में विकल्प/चयन का अधिकार	432
17	गरिमा के साथ जीने का अधिकार	5061
18	लिंग चयनात्मक गर्भपात/कन्या भ्रूण हत्या/गर्भवती महिलाओं के गर्भाशय की जांच	18
19	यौन हमला	201
20	यौन उत्पीड़न	368
21	महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न	300
22	छिप कर पीछा करना/दर्शनरति	197
23	महिला अधिकारों के लिए पारंपरिक अपमानजनक प्रथा जैसे सती–प्रथा देवदासी–प्रथा, डायन–शिकार	14
24	महिलाओं की तरस्करी/वेश्यावृत्ति	68
25	तलाक की स्थिति में बच्चों के संरक्षण में महिलाओं का अधिकार	29
	कुल	**20,309**

वर्ष 2019–2020 के दौरान प्राप्त शिकायतों का राज्य–वार ब्यौरा

क्रम सं.	राज्य	कुल
1	अंडमान और निकोबार द्वीप	8
2	आन्ध्र प्रदेश	129
3	अरूणाचल प्रदेश	1
4	असम	56
5	बिहार	768
6	चंडीगढ़	51
7	छत्तीसगढ़,	101
8	दादरा और नागर हवेली	3
9	दमन और दीव	1
10	दिल्ली	1957
11	गोवा	14
12	गुजरात	143
13	हरियाणा	1171
14	हिमाचल प्रदेश	51
15	जम्मू और कश्मीर	24
16	झारखंड	207
17	कर्नाटक	319
18	केरल	77
19	मध्य प्रदेश	597
20	महाराष्ट्र	687
21	मणिपुर	5
22	मेघालय	6
23	मिजोरम	1
24	नागालैंड	2
25	ओडिशा	97
26	पुडुचेरी	11
27	पंजाब	313

क्रम सं.	राज्य	कुल
28	राजस्थान	815
29	सिक्किम	2
30	तमिलनाडु	308
31	तेलंगाना	167
32	त्रिपुरा	6
33	उत्तर प्रदेश	11636
34	उत्तराखंड	266
35	पश्चिम बंगाल	309
-	**कुल**	**20,309**

2.9 उपरोक्त विश्लेषण से पता चलता है कि सबसे बड़ी संख्या में शिकायतों में सम्मान के साथ जीने का अधिकार, विवाहित महिलाओं का उत्पीड़न/दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाओं की सुरक्षा और महिलाओं के खिलाफ पुलिस की उदासीनता शामिल है। निम्न तालिका शीर्ष दस श्रेणियों को संकेत करती है जिनमें सबसे अधिक मामले हैं:

दस शिखर वर्ग जिसमें शिकायतें दर्ज की गई

क्रम सं.	वर्ग	शिकायतों की संख्या
1	गरिमा के साथ जीवन यापन	5061
2	दहेज उत्पीड़न/विवाहित महिलाओं के साथ क्रूरता	3963
3	घरेलू हिंसा के खिलाफ महिलाओं की सुरक्षा	3369
4	महिलाओं के खिलाफ पुलिस उदासीनता	1968
5	बलात्कार/बलात्कार का प्रयास	1474
6	महिलाओं की इज्जत का हनन/छेड़छाड़	1449
7	महिलाओं के विरूद्ध साइबर अपराध	458
8	विवाह/सम्मान अपराधों में विकल्प का अधिकार	432
9	दहेज हत्या	388
10	यौन उत्पीड़न	368

2.10 प्राप्त शिकायतों के आंकड़ों से पता चलता है कि उत्तरी राज्यों में अधिक शिकायतें हैं। उच्चतम शिकायतों वाले दस राज्यों को नीचे दिखाया गया है:

दस शिखर राज्य जहां से सबसे अधिक शिकायतें पंजीकृत की गई

क्रम सं.	राज्य का नाम	कुल
1	उत्तर प्रदेश	11,636
2	दिल्ली	1957
3	हरियाणा	1171
4	राजस्थान	815
5	बिहार	768
6	महाराष्ट्र	687
7	मध्य प्रदेश	597
8	कर्नाटक	319
9	पंजाब	313
10	पश्चिम बंगाल	309

__टिप्पण:__ विविध/गैर–अधिदेश शिकायतों/पृष्ठांकनों को शामिल नहीं किया गया है।

महिला जन सुनवाई

2.11 शिकायतों की संख्या में हो रही बढ़ोत्तरी और शीघ्रता और प्रभावी रूप से इनका निपटान करने के संबंध में विचार करने के पश्चात् राष्ट्रीय महिला आयोग ने जिला विधिक प्राधिकरण और पुलिस प्राधिकारियों के सहयोग से अगस्त, 2016 से एक पायलट परियोजना ''महिला जन सुनवाई'' आरंभ की है। वित्तीय वर्ष, 2018–19 के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग ने देश के विभिन्न जिलों में 10 महिला जन सुनवाइयां आयोजित की। इन जन सुनवाइयों की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष या सदस्यों द्वारा की जाती है। मामलों की स्थल पर ही सुनवाई करके कई शिकायतों को निपटाया गया। वर्ष 2019–20 के दौरान जन सुनवाइयों में जिन मामलों को निपटाया गया है उनके ब्यौरे नीचे दिए गए है:

क्रम सं.	जिला/राज्य	दिनांक	निपटाए गए मामलों की सं.
1	इंदौर, मध्य प्रदेश	10.06.2019	14
2	फरीदाबाद, हरियाणा	14.06.2019	27
3	कार्यालय पुलिस महानिदेशक, भुवनेश्वर, ओडिशा	28.06.2019	8
4	मुंबई, महाराष्ट्र	28.06.2019	31
5	जयपुर, राजस्थान	05.07.2019	26
6	कानपुर, उत्तर प्रदेश	12.07.2019	38
7	पटना, बिहार	19.07.2019	10
8	पूर्वी दिल्ली	25.07.2019	31
9	बैंगलोर, कनार्टक	26.07.2019	31
10	रायपुर, छत्तीसगढ़	09.08.2019	22
11	लखनऊ, उत्तर प्रदेश	21.08.2019	18
12	बरेली, उत्तर प्रदेश	28.08.2019	23
13	इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश	30.08.2019	39

अध्याय–3

अनिवासी भारतीय विवाह से संबंधित मुद्दे

3.1 वैश्वीकरण के परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति का क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय सीमा के पार आवागमन और परस्पर संबंधों में रूकावटें काफी हद तक कम हो गई है। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सीमा के पार आवागमन तथा शिक्षा कार्य, व्यापार और विवाह के लिए देशांतरण अब सामान्य बात है। भारतीयों के बीच विवाह के लिए एक देश से दूसरे देश में जा कर बसना भी अब एक सामान्य बात है। इसके परिणामस्वरूप समय समय पर ऐसे मुद्दें उठते रहे हैं जिनमें विशेष रूप से अनिवासी भारतीय विवाहों में कम से कम विवाह के पक्षकारों में एक पक्षकार भारतीय नागरिक होता है।

3.2 अनिवासी भारतीय विवाहों से संबंधित विवादों में इस वास्तविकता के कारण कानूनी जटिलताएं पैदा होती है कि ऐसे विवाह न केवल भारतीय कानूनों द्वारा शासित होते हैं अपितु इसमें उस देश की कानूनी प्रणाली जहां दूसरी पार्टी जो भारतीय नागारिक हो या ऐसे अन्य देश का नागरिक हो जो भारत के बाहर किसी और देश में रह रहा हो। ऐसे विवाहों में अलग रहना/विवाह–विच्छेद, भरणपोषण, बच्चों का संरक्षण और उत्तराधिकार आदि से संबंधित कानूनों के कार्यक्षेत्र के संबंध में विवाद पैदा होते रहते हैं। ऐसे विवाहों में महिलाओं की कमजोर स्थिति जैसे कि घरेलू हिंसा, परित्याग, एकपक्षीय विवाह–विच्छेद, विदेशी न्यायालयों की डिक्री के माध्यम से बच्चों का संरक्षण और पत्नी और बालकों का भरणपोषण न करना जैसे विभिन्न रूपों में प्रकट होती है।

3.3 अप्रैल 2009 में भारत सरकार द्वारा अनिवासी भारतीय विवाहों से संबंधित मुद्दों के संबंध में कार्यवाही करने के लिए विभिन्न सहयोगियों के समन्वय प्रयासों के कारण राष्ट्रीय महिला आयोग को राष्ट्रीय समन्वय एजेंसी के रूप में नामित किया गया। दिनांक 24 सितंबर, 2009 को आयोग ने एक अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ की स्थापना की। एनआरआई विवाह संबंधी मामलों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए 2019–2020 के दौरान आयोग द्वारा प्रकोष्ठ को और मजबूत किया गया है।

3.4 अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ को सौंपे गए मुख्य कार्य निम्नलिखित हैं:

i ऐसी भारतीय महिलाओं, जिनका अनिवासी भारतीय/विदेशी पतियों ने परित्याग कर दिया है, से शिकायतें प्राप्त करना, उन पर कार्यवाही करना और ऐसी शिकायतकर्ताओं को हर संभव सहायता प्रदान करना। इसमें पक्षकारों के बीच सुलह/मध्यस्थता करना, कानूनी मामलों में सहायता प्रदान करना, बाहर के मिशन/दूतावासों के साथ इन मामलों को उठाना, विभिन्न सहयोगियों, राज्य सरकारों, संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों में पुलिस प्राधिकारियों, एस.एल.एस.ए./डी.एल.एस.ए., संबंधित मंत्रालयों और भारत और विदेश में गैर–सरकारी संगठनों/सामुदायिक संगठनों के साथ समन्वय करना। शीघ्र कार्रवाई किए जाने को ध्यान मे रखते हुए संबंधित प्राधिकारियों से उन्हें भेजे गए मामलों के संबंध में ''की गई कार्रवाई रिपोर्ट'' मंगाई जाती हैं।

ii आयोग के ध्यान में लाए गए किसी मुद्दे पर स्व–प्रेरणा से संज्ञान लेना।

iii मध्यस्थता नीति के लिए आयोग के पास पंजीकृत मामलों के डाटा बैंक/अभिलेख को बनाए रखने का प्रयास करना।

iv अनिवासी भारतीय विवाहों से संबंधित मुद्दों पर विभिन्न सहयोगियों जैसे कि न्यायपालिका, पुलिस और प्रशासन को जागरूक करने के लिए उचित प्रशिक्षण माड्यूल बनाने का प्रयास करना और आम जनता के बीच जागरूकता लाना।

3.5 सेवाओं के अंतर–अभिकरण अभिसरण और विभिन्न सहयोगियों जैसे पुलिस, मंत्रालयों, भारतीय दूतावासों और विदेशों में हमारे मिशन तथा स्वैच्छिक संगठनों/गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से आयोग शिकायतों के निवारण को सहज बनाता है। आयोग, व्यथित महिलाओं की सहायता विदेश मंत्रालय की योजना अर्थात् 'विदेशी भारतीय पतियों द्वारा परित्यक्त भारतीय महिलाओं को कानूनी और वित्तीय सहायता'' के अधीन प्रदान की गई सुविधाओं को उपलब्ध कराने में सहायता करता है। विदेश मंत्रालय की इस योजना को सूचीबद्ध संगठनों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। आयोग भारतीय मिशन के साथ इन मामलों को उठाता है और यह अनुरोध करता है कि वे पीडित महिलाओं के साथ संपर्क करें और उन्हें सूचीबद्ध संगठनों के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जरूरत के अनुसार कोई अन्य सहायता प्रदान कराए। आयोग से जारी किए गए समनों और वारंटों या उपयुक्त न्यायालय द्वारा पारित किए गए आदेशों और अन्य सुसंगत विषय पर जहां कहीं और जब कभी भी आवश्यक हो, गृह मंत्रालय तथा विधि और न्याय मंत्रालय के साथ भी पत्र व्यवहार करता है।

3.6 अनिवासी भारतीय प्रकोष्ठ में पूरे देश से और विदेशों में भी निवास कर रही महिलाओं से अनिवासी भारतीय विवाहों से संबंधित मुद्दों पर शिकायतें प्राप्त होती है। नीचे दी गई सारणी में 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 तक पंजीकृत शिकायतों के राज्य वार ब्यौरे संक्षेप में दिए गए हैं।

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान पंजीकृत अनिवासी भारतीय मामले

क्रम सं.	राज्य	शिकायतों की संख्या
1	अंडमान निकोबार	1
2	आंध्र प्रदेश	39
3	असम	1
4	बिहार	6
5	चंडीगढ़	13
6	छत्तीसगढ़	3
7	दिल्ली	50
8	गुजरात	36

क्रम सं.	राज्य	शिकायतों की संख्या
9	हरियाणा	44
10	हिमाचल प्रदेश	5
11	जम्मू और कश्मीर	7
12	झारखंड	5
13	कर्नाटक	37
14	केरल	19
15	मध्य प्रदेश	14
16	महाराष्ट्र	47
17	ओडिशा	5
18	पुडुचेरी	0
19	पंजाब	60
20	राजस्थान	19
21	सिक्किम	1
22	तमिलनाडु	50
23	तेलंगाना	53
24	उत्तर प्रदेश	75
25	उत्तराखंड	6
26	पश्चिम बंगाल	12
	कुल	**608**

3.7 अनिवासी भारतीय विवाहों के मामले में भारत में रह रही पीडित महिलाओं से अधिकतर शिकायतें निम्न विषयों पर प्राप्त हुई हैं:

i परित्याग;

ii पति और ससुराल वालों द्वारा घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न;

iii विवाह–विच्छेद और बालक संरक्षण पर विदेशी न्यायालय द्वारा एकपक्षीय निर्णय;

iv पति/ससुराल वालों द्वारा शिकायतकर्ता के पासपोर्ट/अन्य दस्तावेजों को बलपूर्वक कब्जे में लेना;

v शिकायतकर्ता को पति का पता/स्थान के बारे में जानकारी न होना;

vi पति द्वारा देश छोड़ने के बारे में शिकायतकर्ताओं की आशंका;

vii शिकायतकर्ता और उसके बालकों का भरणपोषण;

viii विदेश में कानूनी दस्तावेजों की तामीली।

3.8 विदेश में रह रही महिलाओं से जो शिकायतें प्राप्त होती हैं वे व्यापक रूप से निम्नलिखित से संबंधित हैः

i परित्याग;

ii पति और ससुराल के व्यक्तियों द्वारा घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न;

iii पति/ससुराल के व्यक्तियों द्वारा शिकायतकर्ता के पासपोर्ट/अन्य दस्तावेजों को जबरदस्ती कब्जे में लेना;

iv पति द्वारा आरंभ किए गए विवाह—विच्छेद या बाल संरक्षण से संबंधित मामलों का न्यायालय में प्रतिवाद करने के लिए सहायता न मिलना;

v पति द्वारा शिकायकर्ता के विरूद्व घरेलू हिंसा के मिथ्या मामलें फाइल करना;

3.9 दिनांक 31.12.2017 के विदेश मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं. ओ.आई.—19013/268/2017/ ओआईए—आईआईसी द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में एकीकृत नोडल एजेंसी (आईएनए) का गठन किया गया जिसमें सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को अध्यक्ष के रूप में और सदस्य—सचिव, रा.म.आ., संयुक्त सचिव, एमडब्ल्यूसीडी, संयुक्त सचिव, गृह, गृह मंत्रालय (एमएचए), संयुक्त सचिव (ओआईए—II)), विदेश मंत्रालय (एमईए), संयुक्त सचिव (विधिक), विधि और न्याय मंत्रालय, संयुक्त सचिव (विदेशी) गृह मंत्रालय, उप सचिव एमडब्ल्यूसीडी को एकीकृत नोडल सदस्यों के रूप में मनोनीत किया गया है। आईएनए, अवेक्षण परिपत्र (एलओसी) को जारी करने, पासपोर्ट जब्त करने और अनिवासी भारतीय विवाहों, आदि से पीडित महिलाओं के मुद्दों को हल करने के लिए कानूनों के संशोधन से संबंधित, मुद्दों पर कार्यवाही करता है।

3.10 आयोग ने वित्तीय वर्ष 2019—2020 के दौरान एनआरआई विवाहों से संबंधित मामलों में बड़ी संख्या में पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में सफलता हासिल की है। इस प्रकार, उदाहरण के लिए, उस मामले में जहां शिकायतकर्ता ने अपने पति के साथ सामंजस्य स्थापित करने में आयोग की सहायता मांगी थी, जो भारत में शिकायतकर्ता को छोड़कर यूएसए गए थे। आयोग ने वर्तमान मामले को भारत के महावाणिज्य दूतावास, सैन फ्रांसिस्को के साथ शिकायतकर्ता को हर संभव सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया था। विभिन्न प्रयासों के बाद, आयोग को सूचित किया गया कि शिकायतकर्ता ने अपने पति के साथ सुलह कर ली थी।

3.11 एक अन्य मामले में, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसके पति ने यूएसए में अपने छोटे से प्रवास के दौरान उसकी 2 साल की बेटी को बिना बताए ले लिया। इसलिए, उसने अपने बच्चे का संरक्षण प्राप्त करने के लिए आयोग की सहायता मांगी थी। आयोग ने वर्तमान मामले को विभिन्न हितधारकों जैसे कि पुलिस आयुक्त, सूरत शहर का सहयोग; विदेश मंत्रालय और भारत के महासचिव, अटलांटा का सहयोग लिया। आयोग के प्रयासों और विभिन्न हितधारकों के साथ निरंतर समन्वय के बाद, आयोग को सूचित किया गया कि शिकायतकर्ता सुरक्षित रूप से 19 फरवरी, 2020 को अपनी बेटी के साथ भारत पहुंची थी।

3.12 राष्ट्रीय महिला आयोग में एनआरआई सेल की स्थापना के 10 वर्षों के सफलतापूर्वक पूरे होने पर, आयोग द्वारा पंजाब स्कूल ऑफ लॉ और राष्ट्रीय महिला केंद्र, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के सहयोग से 'एनआरआई विवाह और संबंधित मुद्दे'' विषय पर 27 सितंबर, 2019 को एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिससे प्रभावित एनआरआई भारतीय महिलाओं के लिए उपलब्ध कानूनी उपायों की प्रभावशीलता पर विचार—विमर्श किया गया।

अध्याय–4

स्वप्रेरणा से घटनाओं/मामलों का संज्ञान

4.1 राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 (1) और 10 (4) के तहत, राष्ट्रीय महिला आयोग मीडिया रिपोर्ट और शिकायतों के आधार पर महिलाओं के अधिकारों के उल्लंघन और महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों के कार्यान्वयन न करने के आधार पर मामलों का स्वतः संज्ञान लेता है। संबंधित अधिकारियों से ये रिपोर्टें मांगी जाती हैं, हालांकि, एक महिला के खिलाफ किए गए जघन्य प्रकृति के अपराध के मामलों में, आयोग जाँच समिति/जांच दल का गठन करता है और अपराध में कथित रूप से शामिल उन लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए संबंधित प्राधिकरण को अपनी सिफारिशें/निष्कर्ष प्रस्तुत करता है।

4.2 ऐसे मामलों की संख्या, जहां आयोग द्वारा 2019–20 के दौरान जहां से संज्ञान लिया जहां जांच समिति/जांच दल का गठन किया और जिन मामलों में की गई कार्रवाई की रिपोर्टें प्राप्त हो गई हैं तथा जिन मामलों को बंद कर दिया गया है, की संख्या नीचे दी गई है:

संज्ञान लिए गए मामलों की संख्या	ऐसे मामलों जिनमें की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्राप्त हो गई है (पुरानी और नई)	बंद किए गए मामलों की संख्या	स्व प्रेरणा मामलों में गठित जांच समिति/तथ्य पता लगाने वाले दल
206	365	136	15

4.3 उन मामलों का, जहां राष्ट्रीय महिला आयोग ने वर्ष 2019–20 के दौरान स्वतः संज्ञान लिया है और जांच समिति/ जांच दलों का गठन किया है, उन्हें नीचे दिया गया हैं।

4.4 राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए शीर्षक, ''दलित महिला के साथ सामूहिक बलात्कार, वीडियो वायरल होता है", जो दिनांक 08.05.2019 को टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी थी। आयोग ने मामले की जांच करने के लिए दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया था और बाद में चार्जशीट दायर होने के बाद मामले को बंद कर दिया गया था।

4.5 हिंदुस्तान टाइम्स में दिनांक 07.06.2019 को प्रकाशित ''महिलाओं केसाथ बलात्कार का विरोध करने के लिए आग लगाई गई, बिहार में मौत हो गई'' के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया। आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग, 1990 की धारा 10 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके मामले में पूछताछ के लिए एक जांच समिति का गठन किया था।

4.6 हिंदुस्तान टाइम्स के दिनांक 28.06.2019 में प्रकाशित "बिहार में पार्षद द्वारा बलात्कार करने के प्रयास का विरोध करने के लिए अपमानित, 2 महिलाओं के साथ मारपीट'', छेड़छाड़ के आरोप में राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें यह बताया गया कि एक 48 वर्षीय महिला और उसकी नव विवाहित 19 वर्षीय बेटी को बिहार के वैशाली में एक स्थानीय वार्ड पार्षद द्वारा बलात्कार के प्रयास का विरोध करने के लिए कथित रूप से दंडित किया गया था। आयोग ने इस मामले की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया और संबंधित अधिकारियों को उसके खिलाफ उचित कार्रवाई के लिए सुझाव दिए।

4.7 दिनांक 28.07.2019 की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय महिला आयोग ने शीर्षक ''बलात्कार पीडिता ने पुलिस की निष्क्रियता का आरोप लगाया और स्वयं को जयपुर थाने में आग लगाई'' का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच समिति का गठन किया।

4.8 राष्ट्रीय महिला आयोग ने उन्नाव बलात्कार पीड़िता की घटना के बारे में स्वतः संज्ञान लिया जिसने 2017 में विधायक पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। यह भी बताया गया कि उसका वकील गंभीर रूप से घायल था। आयोग ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को मामले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित करने के लिए लिखा था। इसके साथ ही, आयोग द्वारा दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया था, और बाद में मामला बंद कर दिया गया था।

4.9 राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया रिपोर्ट, ''चुनाव के दो दिन बाद ही यूपी बार काउंसिल प्रमुख की आगरा कोर्ट के अंदर दिनांक 12.06.2019 को गोली मारकर हत्या'' कर दी, जो कि विभिन्न मीडिया स्रोतों में प्रकाशित किया गया, जिसमें यह बताया गया कि नव–निर्वाचित उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की अध्यक्षा की आगरा कोर्ट के परिसर के अंदर कथित तौर पर दूसरे वकील द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। आयोग ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया। कोर्ट में चार्जशीट दाखिल होने के बाद इसे सफलतापूर्वक बंद कर दिया गया था।

4.10 राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया रिपोर्ट्स शीर्षक का स्वतः संज्ञान लिया। ''कॉलेज की छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार के लिए पांच लोगों को पकड़ा जाना"। आयोग के एक सदस्य ने दिनांक 08.07.2019 को मैंगलोर का दौरा किया और उत्तरजीवी और उसके परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात की। आयोग ने संबंधित प्राधिकरणों के मामले में संज्ञान लिया। जांच जल्द ही आयोग के हस्तक्षेप के साथ न्यायालय में जांच शुरू हुई और बाद में उत्तरजीवी को न्याय मिला।

4.11 राष्ट्रीय महिला आयोग ने मीडिया रिपोर्ट्स शीर्षक का स्वतः संज्ञान लिया। ''बिहार घर से दुर्व्यवहार, बलात्कार, अब कार में सामूहिक बलात्कार", दिनांक 16.09.2019 को कई राष्ट्रीय दैनिकों में छपा, जिसमें यह बताया गया कि एक महिला, जो एक मुजफ्फरपुर आश्रय गृह की एक महिला की मित्र थी उसका एक कैदी ने पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया शहर में चलती गाड़ी में चार लोगों के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। आयोग ने एक जांच समिति गठित की और अदालत में आरोप पत्र दायर होने के बाद मामला बंद कर दिया गया था।

4.12 राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिनांक 14.11.2019 को टाइम्स ऑफ इंडिया पर मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया, जिसमें आरोप लगाया गया, ''36 वर्षीय आश्रय गृह की मित्र को कार में जबरदस्ती रखा, सामूहिक बलात्कार किया गया"। बताया गया कि कोलकाता के पंचाशयर में आश्रय सुविधा से अपहरण होने के बाद 36 वर्षीय मिर्गी के रोगी का कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया था।

4.13 राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया मीडिया रिपोर्ट दिनांक 21.01.2020 पर टाइम्स ऑफ इंडिया में छपी खबर के अनुसार, ''आईपीएस अधिकारी जवान पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हैं"। राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, आयोग ने इस मामले की जाँच करने के लिए एक जाँच समिति का गठन किया था, जो इस घटना की परिस्थितियों के बारे में आकलन करेगी।

4.14 राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिनांक 09.02.2020 को इंडिया टुडे में प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया, ''उन्होंने हम पर हस्तमैथुन कियाः दिल्ली की गार्गी कॉलेज की छात्राओं का कहना है कि पुरुषों के समूह ने बलपूर्वक प्रवेश किया, लड़कियों को पकड़ा और उत्पीड़न किया"। इस तथ्य की जांच के लिए आयोग ने सच्चाई का पता लगाने के लिए अगले दिन कॉलेज का दौरा किया और कॉलेज के छात्रों और कर्मचारियों से बातचीत की। आयोग के साथ, दिल्ली पुलिस ने भी निष्पक्ष और त्वरित जांच के लिए मामला उठाया।

अध्याय–5

नीति, निगरानी और अनुसंधान

5.1 राष्ट्रीय महिला आयोग अन्य बातों के साथ–साथ जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन्नति और शिक्षा संबंधी अनुसंधान करता है। आयोग द्वारा या अन्य भागीदार संस्थाओं के माध्यम से कराए गए ऐसे अध्ययनों से महिलाओं की उन्नति और सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक क्षेत्रों में उनकी प्रभावी भागीदारी में अड़चन डालने वाले कारणों का पता लगाने में सहायता मिलती है। आयोग का नीति, निगरानी और अनुसंधान प्रकोष्ठ (पीएमआरसी) द्वारा महिलाओं के साथ भेदभाव और अत्याचार से होने वाली विशेष समस्याओं या स्थितियों का अन्वेषण करने के लिए उन्नति और शिक्षा संबंधी अनुसंधान से संबंधित मामलों की देखरेख करता है। ऐसे अध्ययनों से रूकावटों की पहचान करने और उन्हें दूर करने के लिए रणनीति बनाने की सिफारिश करने में सहायता मिलती है। वर्ष 2019–20 के दौरान आयोग ने महिलाओं की नीरसता और व्यवसायिक स्वास्थ्य खतरों के लिए जिम्मेदार बातों का विश्लेषण करने से संबंधित कई क्रियाकलापों, जिसमें सेमिनार और कार्यशालाएं तथा अनुसंधान अध्ययन भी शामिल हैं, के लिए वित्त पोषण किया है। ये क्रियाकलाप विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी में आरंभ किए गए हैं।

5.2 जिन विषयों पर शोध प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे, वे इस प्रकार हैं:

(1) शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का सशक्तीकरण।

(2) जमीनी स्तर पर महिला सशक्तीकरण की नीतियों का मूल्यांकन।

(3) डायन प्रथा: विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और उड़ीसा में।

(4) प्रौद्योगिकी के माध्यम से महिलाओं के खिलाफ अपराध।

(5) साइबर अपराध की रोकथाम के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं का अनुपालन/पालन किया गया।

(6) कामकाजी महिला: भारत में रोजगार के नए रूप।

(7) महिला और श्रम कानून।

(8) भारत में असंगठित क्षेत्रों में वेतन विसंगतियां

(9) श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की रणनीतियाँ।

(10) भारत में महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा: कानून का प्रभाव और इसका कार्यान्वयन।

(11) आत्मरक्षा: शिक्षा संस्थानों में पाठ्यक्रम गतिविधि में उपयोगिता और इसका महत्व।

(12) भारत में महिलाओं में बांझपन और मानसिक कल्याण।

(13) मासिक धर्म स्वच्छता–ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में जागरूकता।

(14) गंदी बस्ती क्षेत्र में रहने वाली पत्नियों द्वारा शराबी पतियों के मानसिक स्वास्थ्य और उससे बचने की रणनीति।

(15) संगठित क्षेत्र में लैंगिक भेदभाव।

(16) असंगठित क्षेत्र में लैंगिक भेदभाव।

(17) संघर्ष क्षेत्रों में महिलाएं।

5.3 व्यापक विषय जिनके आधार पर संगोष्ठी के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे; निम्नलिखित हैंः–

(1) उद्यमिता और कौशल विकास के माध्यम से महिला सशक्तीकरण।

(2) शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से महिला सशक्तीकरण।

(3) भारत में अनुसंधान और विकास में महिलाओं की भागीदारी।

(4) लिंग जागरूकताः मुद्दे और चुनौतियां।

(5) भारत की उच्च शिक्षा में महिला और लैंगिक समानताः मुद्दे और चुनौतियाँ।

(6) मेडिकल और पैरामेडिकल संगठनों में लिंग संवेदनशीलता।

(7) लिंग और हिंसा।

(8) महिलाओं का भावनात्मक दुर्व्यवहार

(9) घरेलू हिंसा पर अंकुश लगाने में राज्य एजेंसियों की भूमिका।

(10) कार्यस्थल पर लिंग आधारित उत्पीड़न।

(11) भारत में असंगठित क्षेत्रों में कामकाजी महिलाएँ।

(12) श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की रणनीतियाँ।

(13) महिला और श्रम कानून।

(14) प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों और विषम क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ अपराध।

(15) महिलाओं के खिलाफ प्रौद्योगिकी और अपराध।

(16) महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित कानून।

(17) आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा।

(18) यौन हिंसा के लिए सामाजिक और न्याय प्रतिक्रियाः नीतिगत सुधार के लिए उपाय।

(19) कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (पीओएसएच अधिनियम 2013)।

(20) महिलाओं के बीच सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना।

(21) महिलाओं के प्रजनन अधिकारों पर जागरूकता उत्पन्न करना।

(22) मासिक धर्म स्वच्छता।

(23) लिंग और मीडियाः प्रतिनिधित्व, मुद्दे और चुनौतियां।

5.4 आयोग ने सेमिनार आयोजित करने और अनुसंधान अध्ययन आयोजित करने के लिए ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित किया था। अच्छी प्रतिक्रियाएं थीं, और 2863 संगठनों और शोधकर्ताओं ने सेमिनार आयोजित करने और अनुसंधान अध्ययन आयोजित करने के लिए आवेदन किया। प्रस्तावों की जांच के बाद, आयोग द्वारा वित्त पोषण के लिए 85 सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाएं और 17 अनुसंधान अध्ययन को मंजूरी दी गई। वित्तीय वर्ष 2019–2020 के दौरान संगोष्ठियों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों और अनुसंधान अध्ययन के संचालन के लिए चुने गए संगठनों और विषयों की सूची क्रमशः **अनुबंध– IV** और **V** पर है।

5.5 पिछले वर्ष 2018–2019 में स्वीकृत किए गए कुछ अनुसंधान अध्ययन, वित्तीय वर्ष 2019–2020 के दौरान पूरे किए गए थे। विवरण निम्नवत हैं:

(1) ग्रामीण एवं औद्योगिक विकास हेतु भारतीय शोध केंद्र (सीआरआरआईडी), चंडीगढ़ द्वारा "महिला गतिशीलता एवं सार्वजनिक परिवहनः पंजाब के दो जिलों में अध्ययन" पर अनुसंधान अध्ययन।

(2) ह्यूमन डेवलपमेंट सोसाइटी, दिल्ली द्वारा आयोजित "आर्थिक हिंसा का अर्थः इसकी गतिशीलता पर एक अध्ययन एवं उसका महिलाओं पर प्रभाव" पर अनुसंधान अध्ययन।

(3) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर, पश्चिम बंगाल द्वारा "भारत के शहरी स्लम निवासियों के बीच महिलाओं के खिलाफ हिंसा" पर शोध अध्ययन।

(4) स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन, ''मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन" द्वारा "कर्नाटक में महिला इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकारों की स्थिति" पर अनुसंधान अध्ययन।

(5) भारतीदासन यूनिवर्सिटी कॉलेज, पेरम्बलुर, तमिलनाडु द्वारा "आर्थिक विकास एवं खेती की कार्यप्रणाली को सशक्त बनाने के लिए ग्रामीण महिलाओं के लिए चुनौतियों पर आर्थिक अनुसंधान" पर अनुसंधान अध्ययन।

(6) आंध्र लोयोला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आंध्र प्रदेश द्वारा "ग्रामीण और शहरी महिलाओं पर डिजिटल भारत का प्रभावः आंध्र प्रदेश में एक तुलनात्मक अध्ययन" पर अनुसंधान अध्ययन।

(7) साउथ विहार वेलफेयर सोसाइटी आदिम जाति के लिए रांची, झारखंड द्वारा ''भारत के चयनित पांच राज्यों में मानव तस्करी (महिला और बाल) पर सरकार और स्वयंसेवी संगठन के लिए गतिशीलता, वर्तमान प्रयास और अंतर्राष्ट्रीय अवसर'' पर अनुसंधान अध्ययन।

(8) रिसर्च इंस्टीट्यूट राजगिरी कॉलेज, एर्नाकुलम, केरल द्वारा "केरल में बुजुर्ग महिलाओं की देखभाल से संबंधित मुद्दे" पर अनुसंधान अध्ययन।

(9) जामिया मिलिया इस्लामिया, सेंटर फॉर नॉर्थ ईस्ट स्टडीज एंड पॉलिसी रिसर्च, नई दिल्ली द्वारा "उत्तर पूर्वी क्षेत्र की महिलाओं के खिलाफ भेदभावः भारत में कक्षा I और II टियर शहरों का सर्वेक्षण" पर अनुसंधान अध्ययन।

(10) धर्मगिरिजीवास सोशल सेंटर, कन्नूर, केरल द्वारा "बुजुर्ग महिलाओं की देखभाल से संबंधित मुद्दों (स्वास्थ्य वितरण और केरल में वृद्ध महिलाओं द्वारा इसके उपयोग का आकलन) पर अनुसंधान अध्ययन"।

अध्याय–6

महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ

6.1 महिलाओं की संपूर्ण क्षमताओं के विकास और वृद्धि के लिए वातावरण बनाना एक पूर्व अपेक्षा है। लैंगिक दृष्टिकोण एवं जागरुकता सृजन को ध्यान में रखते हुए इसके लिए उचित नीतियां और कार्यक्रम बनाना आवश्यक है। इस बात को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रयासरत है। इस समय आयोग द्वारा अगले पैराओं में दिए गए कार्यक्रमों को कार्यान्वित किया जा रहा है।

6.2 राष्ट्रीय महिला आयोग ने टाटा समाज विज्ञान संस्थान (टी.आई.एस.एस.) और दिल्ली पुलिस के सहयोग से महिलाओं को सशक्त करने और हिंसा की उत्तरजीवी महिलाओं की सहायता करने के लिए एक पायलट परियोजना आरंभ की है। इस परियोजना के अधीन सभी जिलों में हिंसा से पीडित महिलाओं को मनोवैज्ञानिक–कानूनी सेवा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया है। 17 सामाजिक कार्यकर्ता दिल्ली पुलिस जिलों के विभिन्न पुलिस स्टेशनों से जुड़े अपराध विरोधी महिला (सीएडब्ल्यू) प्रकोष्ठों में काम कर रहे हैं। इन प्रकोष्ठों के काम की प्रगति की निगरानी टीआईएसएस द्वारा की जाती है और आयोग द्वारा इसकी समीक्षा भी की जाती है। राष्ट्रीय महिला आयोग, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज और दिल्ली पुलिस के बीच समझौता ज्ञापन पायलट परियोजना को दिनांक 31 मार्च, 2021 तक जारी रखने के लिए बढ़ाया गया है। वर्ष 2019–2020 के दौरान, उनके कामकाज की समीक्षा के हिस्से के रूप में, दिल्ली में 15 अपराध विरोधी महिला प्रकोष्ठों के खिलाफ आयोग के विभिन्न सदस्यों द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसके आधार पर पायलट प्रोजेक्ट को आगे की अवधि के लिए दिनांक 31 मार्च, 2021 तक बढ़ाया गया था।

